महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर-334004 (राजस्थान) भारत
NH 15, Jaisalmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA
दूरभाष/Phone: 0151-2210076 फैक्स/Fax: 2212042 ई-मेल/E-mail: academicmgsu@gmail.com

क्रमांक : एफ.07( )/मगसिविबी/शैक्ष./2025/17629 दिनांक : 17/3/25

स्मरण पत्र

अति आवश्यक

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्धता प्राप्त अकादमिक (निजी एवं राजकीय)/शिक्षक प्रशिक्षण/
चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड/शारीरिक शिक्षा/विशेष शिक्षा महाविद्यालय,
बीकानेर/चुरू/हनुमानगढ/श्रीगंगानगर
महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।

विषय : सम्बद्धता अभिवृद्धि सत्र 2025–26 की पालना रिपोर्ट एवं बकाया वर्षों के कमीपूर्ति संबंधी दस्तावेज भिजवाने बाबत्।

सन्दर्भ : वि.वि. पत्रांक एफ.07( )/मगंसिंविवी/शैक्ष./2025/16346 दिनांक 13.02.2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि नियमानुसार UGC, AICTE, NCTE, RCI, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय की समस्त सम्बद्धता शर्तो की पूर्ण पालना करते हुए निम्नानुसार अद्यतन दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों की पालना रिपोर्ट **दिनांक 22.03.2025** तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय में प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें–

1. राज्य सरकार द्वारा जारी संबंधित शैक्षणिक सत्र का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र।
2. अक्षय निधि राशि रू 5 लाख के 5 साल के नवीनीकरण की इकजाई एफ.डी.आर.।
3. अद्यतन ए.आई.एस.एच.ई. (AISHE) प्रमाण पत्र (सत्र 2023–24 तक)।
4. महाविद्यालय के भूमि–भवन संबंधी दस्तावेज यथा भूमि–भवन के दस्तावेज मय नक्शा, शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–संपरिवर्तन आदेश, अद्यतन भवन सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा प्रमाण–पत्र।
5. विभिन्न प्रकार के जमा शुल्क यथा संबंधित सत्र का सम्बद्धता शुल्क, विलम्ब शुल्क, विभिन्न प्रकार की आरोपित शास्ति, खेलकूद शुल्क, बकाया जी.एस.टी. आदि के जमा संबंधी रसीद।
6. महाविद्यालय के प्राचार्य के योग्यता एवं अनुभव संबंधी दस्तावेज।
7. महाविद्यालय के अनिवार्य एवं वैकल्पिक विषयों के शैक्षणिक कार्मिकों की निर्धारित प्रपत्रानुसार सूची मय योग्यता एवं अनुभव दस्तावेज।
8. महाविद्यालय के अशैक्षणिक कार्मिकों की सूची।

उक्त दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रतियों की पालना रिपोर्ट के अभाव में महाविद्यालय की पूर्व वर्षों की सम्बद्धता अभिवृद्धि एवं आगामी सत्र 2025–26 की सम्बद्धता अभिवृद्धि सम्बंधी कार्यवाही नियमानुसार की जानी संभव नहीं होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें हुए **दिनांक 22.03.2025** तक उपरोक्त वर्णित पालना रिपोर्ट मय सत्यापित दस्तावेज एवं पूर्व वर्षो के बकाया दस्तावेज/कमीपूर्ति भी भिजवाना सुनिश्चित करें।

नोट : उपरोक्तानुसार जिन महाविद्यालयों द्वारा पालना रिपोर्ट/कमीपूर्ति दस्तावेज प्रेषित कर दिये गये है उन्हें पुनः भिजवाने की आवश्यकता नहीं है।

उप कुलसचिव (शैक्ष.)

क्रमांक : एफ.07( )/मगंसिंविवी/शैक्ष./2025/17630-33 दिनांक : 17/3/25

प्रतिलिपिः सूचनार्थ प्रेषित है :–.

1. निजी सचिव–कुलपति,महाराजा गंगा सिह विश्वविद्यालय,बीकानेर।
2. निजी सहायक–कुलसचिव, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. नोडल अधिकारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट एवं तकनीकी फर्म को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही करने का श्रम करावें।
4. रक्षित पत्रावली।

अनुभाग अधिकारी (शैक्ष.)